an>

Title: Need to accord permission to convert STD/PCO booths run by differently-abled persons into multi-purpose vendor booths.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): मोबाइल चलन के बाद दिव्यांग लोगों को एस.टी.डी./पी.सी.ओ. जो रेलवे द्वारा आवंटित किये गये हैं, की आय न के बराबर हो गयी है। इस तथ्य को सरकार ने भी माना है। मेरे द्वारा दिनांक 2.3.2016 को पूछे गये प्रश्न संख्या 1027 में सरकार ने माना है कि इन बूथों को बहु-प्रयोजन स्टालों में परिवर्तित करने के कुछ अभ्यावेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं तथा यह भी माना है कि एस.टी.डी./पी.सी.ओ. बूथ को बहु-प्रयोजन स्टाल में परिवर्तित करने की कोई नीति नहीं है।

एक तरफ हम दिव्यांग को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, दूसरी ओर रेलवे के एस.टी.डी./पी.सी.ओ. बूथों को बहु-प्रयोजन स्टालों में परिवर्तित करने को मना करते हैं। जबकि दिव्यांग व्यक्तियों के परिवार का भरण पोषण का एकमात्र सहारा एस.टी.डी./पी.सी.ओ. बूथ ही है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस स्थिति में बदलाव कर इन बूथों को बहु प्रयोजन स्टाल में परिवर्तित करें।